**प्रेस नोट**

**दिनांक 23.08.2023**

**जनपद अम्बेडकरनगर थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा दो नफर अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 40 कि0ग्राम नाजायज गांजा,एक अदद स्वप्टि डिजायर कार, दो अदद मोबाइल फोन व एक अदद आधार कार्ड बरामद।**

जनपद पुलिस द्वारा अवैध गांजा व मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना अलीगंज पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र के सम्बन्ध में सम्हिरया चौराहा पर मौजूद थी। तत्समय मुखबिर द्वारा बताया गया कि पिछले महीने जिस गैंग के सदस्यो से चरस और गांजा बरामद किया था उसी गैंग के दो लोग आज फिर भारी मात्रा मे एक गाड़ी स्वप्टि डिजायर DL 2CAS 2285 से गांजा लेकर संतराम मौर्या की फैक्ट्री के पास हाइवे पर अपने सहयोगियो को सप्लाई देने आने वाले है, यदि जल्दी करे तो सम्बन्धित व्यक्तियों को गांजा सहित पकड़ा जा सकता है मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा सन्तराम मौर्या कृषि यन्त्र फैक्ट्री के पास से गाड़ी में बैठे दो व्यक्तियों 01. राम चरन वर्मा पुत्र दुःखी राम निवासीगण भाटी खुर्द थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ 02. बृजेश पटेल पुत्र राम चरन वर्मा निवासीगण भाटी खुर्द थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर कब्जे से 40 कि0ग्राम के नाजायज गांजा बरामद किया गया। उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

**पूछताछ विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो पकड़े गये व्यक्तियों में राम चरन वर्मा ने घटना के सम्बन्ध में बताया कि वह काफी सालों से यह कार्य कर रहा है। आपके थाने की पुलिस ने पूर्व मे भी दिनांक 13.07.2023 को लगभग 68 किलोग्राम गांजा मेरे ड्राइवर धर्मेन्द्र कुमार सरोज पुत्र शेर बहादुर सरोज व उसकी पत्नी श्रीमती अनीता निवासीगण अर्जुनपुर थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर व आशू सरोज पुत्र मेही लाल निवासी दरछुट थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ व दिनांक 30.07.2023 को मेरा दामाद सुनील पटेल पुत्र महावीर पटेल निवासी घाघर पट्टी हाल भागीरथपुर थाना वाडगांव इन्दौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया था। उन लोगो के पकड़े जाने के कारण मै और मेरा बेटा सप्लाई देने आये थे तथा कई बार उड़िसा से गांजा लाकर अलग अलग क्षेत्र सुल्तानपुर,बस्ती,प्रतापगढ,अम्बेडकरनगर आदि क्षेत्रों में बेंच चुके है। हम उड़िसा से 8 हजार से 10 हजार रूपए में माल लाकर अपनी सुविधा के अनुसार 17 से 20 हजार रूपये प्रति कि0ग्रा0 में बेंच देते हैं।

**विवरण गिरफ्तार अभियुक्त का नाम /पता –**

01.राम चरन वर्मा पुत्र दुःखी राम निवासीगण भाटी खुर्द थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

02.बृजेश पटेल पुत्र राम चरन वर्मा निवासीगण भाटी खुर्द थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

**विवरण पंजीकृत अभियोग**

01.मु0अ0सं0 187/23 धारा 8/20/25/29 NDPS Act थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर ।

**विवरण बरामदगी**

01.40 कि0ग्राम के करीब नाजायज गांजा

02.एक अदद स्वप्टि डिजायर (DL2CAS 2285)

03.दो मोबाइल फोन

04.एक अदद आधार कार्ड

05. 5940रू0 नकद

**विवरण  गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज मय फोर्स